## मेष



**1 से 7 दिसम्बर-** सप्ताह के प्रारम्भिक दिवसों में आप अपने कार्य प्रगति से संतुष्ट रहेंगे। व्यावसायिक जीवन में आपकी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। आपको अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है। सप्ताह का मध्य भाग इच्छाओं की पूर्ति के लिए उत्तम रहेगा परन्तु स्वास्थ्य पक्ष औसत स्तर का होगा। सप्ताह के शेष दिन स्वास्थ्य, ऊर्जा, मानसिक शांति, धैर्य और आत्मविश्वास में कमी के संकेत दे रहे हैं। नए कार्यों को प्रारम्भ करने के लिए समय शुभ नहीं है।

**8 से 14 दिसम्बर-** सप्ताह के आरम्भ में आपको अपने स्वास्थ्य को स्थिर बनाये रखने के लिए बहुत अधिक प्रयास करने पर भी सफलता औसत स्तर की ही प्राप्त होगी। सप्ताह के मध्य में आपको अचानक वित्तीय लाभ, कार्य क्षेत्र में प्रगति के साथ ही आत्मविश्वास और भाग्य का सहयोग प्राप्त होगा। सप्ताह कें शेष भाग में आपके भाई-बहनों, दोस्तों, रिश्तेदारों के साथ संबंध औसत स्तर के रहेंगे।

**15 से 21 दिसम्बर-** सप्ताह के आरम्भ में आपको कुछ घरेलू मुद्दों की वजह से मानसिक अशांति परेशान कर सकती है। सप्ताह के मध्य भाग में आपको कुछ पेट संबंधी विकार हो सकता है। अचानक से बच्चों के साथ आपके मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं।सप्ताह के अंतिम दिनों में शत्रु, ऋण और रोग से सम्बन्धित मुद्दों को हल करने में परेशान रहेंगे।

**22 से 31 दिसम्बर-** सप्ताह का आरम्भ निराशाजनक है, वित्तीय हानि की भी आशंका है, आप **महाकाली साधना** सम्पन्न करें, जिससे आपके आत्म विश्वास में वृद्धि होगी और आप पुनः अपने कार्य-व्यापार में एकाग्रता से कार्य कर सकेंगे। **न्यौछावर ₹ 480/-**

शुभ तिथियां: 2, 5, 17, 22

## वृष



**1 से 7 दिसम्बर-** सप्ताह के आरम्भ में व्यवसाय से जुड़ी यात्रा कर सकते हैं। भाइयों का समर्थन प्राप्त करने में भाग्य की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। सप्ताह का मध्य भाग व्यावसायिक उन्नति के संकेत दे रहा है। वरिष्ठ अधिकारी अचानक से आपके पक्ष में होंगे। सप्ताह के शेष दिनों में निश्चित रुप से आपकी आय में वृद्धि होगी। आपके लिए आय का एक नया स्रोत उलब्ध होगा।

**8 से 14 दिसम्बर-** सप्ताह के आरम्भ में आप ऊर्जा की कमी के कारण मानसिक रुप से पीड़ित हो सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में अत्यधिक नुकसान के कारण आप अत्यधिक निराशा में रहेंगे। कार्य सिद्धि में बाधायें आने से आपको मूड स्विंग की समस्याओं की शिकायत हो सकती है। सप्ताह का मध्य भाग आपके व्यक्तित्व विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता और स्वस्थ्य सुधार के लिए अत्यंत शुभ होगा। आप **सर्व कार्य सिद्धि दीक्षा** ग्रहण करें। समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

**न्यौछावर ₹ 1500/-**

**15 से 21 दिसम्बर-** सप्ताह का आरम्भ सामाजिक गतिविधियों के लिए शुभ प्रतीत हो रहा है। लेकिन अपेक्षित उत्साह और आत्म विश्वास की आप में कमी रहेगी। आपका व्यावसायिक गतिविधियों में रुचि लेने का विचार बन सकता है। लेकिन यह संभावना बन रही है कि आप इसे मध्य में छोड़ सकते हैं।

**22 से 31 दिसम्बर-** सप्ताह आरम्भ में वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा, जीवनसाथी के साथ आपके संबंध पहले से बेहतर होंगे। सप्ताह का मध्य भाग आपके स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और धैर्य के लिए बहुत बुरा हो सकता है। इस समय ग्रह स्थितियां आपके प्रतिकूल हैं।

शुभ तिथियां: 3, 8, 12, 24

## मिथुन




**1 से 7 दिसम्बर-** सप्ताह का आरम्भ आपके स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और कार्य कुशलता के लिए शुभ नहीं रहेगा। आप अत्यधिक व्यय की समस्या से पीड़ित रहेंगे। ये समस्याएं आपके नियंत्रण से बाहर हो सकती हैं। सप्ताह का मध्य भाग्य के सहयोग से बेहद लाभदायक होगा। धार्मिक कार्यों में शामिल होने से भी शुभता बढ़ेगी।

**8 से 14 दिसम्बर-** सप्ताह का व्यापार, आय में वृद्धि, इच्छाओं की पूर्ति, प्रसन्नता, बच्चों और बड़े भाई के साथ संबंधों के मामले में फायदेमंद होगा। आपका स्वास्थ्य इस अवधि के दौरान उत्तम रहेगा। सप्ताह के मध्य में अवांछित अवरोध आ सकते हैं, जिससे आपको निराशा अनुभव होगा और आप हताशा भी होंगे। आप **शत्रु स्तम्भन छिन्नमस्ता दीक्षा** ग्रहण करें, समस्याओं से निजात मिलेगी। **न्यौछावर ₹ 1500/-**

**15 से 21 दिसम्बर-** सप्ताह के आरम्भ में आपकी सारी ऊर्जा, धन निवेश पारिवारिक जीवन की समृद्धि के चारों ओर रहेगी। धन प्रवाह के बढ़ने से आपकी बचत क्षमता में वृद्धि होगी। सप्ताह के मध्य में आप और आपके जीवन साथी धन प्राप्ति के नये स्रोत तलाश करेंगे। सप्ताह के शेष भाग में अपने पैतृक स्थान से जुड़ाव की अनुभूति होगी। इस समय आपको कुछ मानसिक तनाव भी होगा।

**22 से 31 दिसम्बर-** सप्ताह के आरम्भ में मिल रहे संकेतों के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, ऋण और मुकदमेबाजी संबंधित मुद्दों को सुलझाने में पैसा खर्च हो सकता है। अचानक से आपके खर्च बढ़ सकते हैं, साथ ही आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रायें भी आपकी आय में वृद्धि करेंगी। सप्ताह के मध्य भाग में आपका आत्म विश्वास कुछ कम होगा सप्ताह के शेष भाग तनाव की समस्या हो सकती है।

शुभ तिथियां: 11, 16, 18, 26



## कर्क

**1 से 7 दिसम्बर–** सप्ताह आरम्भ में आप अपने जीवनसाथी पर बहुत अधिक धन खर्च करेंगे। गृहस्थ जीवन में आपसी अनुकूलता में वृद्धि होगी। साथ ही यह समय परिवार के जीवन और प्रतिष्ठा के लिए पूरी तरह से शुभ होगा। सप्ताह का मध्य भाग आपके स्वास्थ्य, खुशी और आत्म विश्वास के लिये शुभ नहीं है। महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में बाधायें आ सकती हैं।

**8 से 14 दिसम्बर–** मान–सम्मान प्राप्ति के पक्ष से सप्ताह के शुरु की अवधि बहुत शुभ रहेगी। आजीविका क्षेत्र में आगे बढ़ने व योजना बनाने के लिए यह सही समय है। सप्ताह के अंतिम भाग में आपकी आय और व्यवसाय में वृद्धि होगी। सप्ताह के अंतिम भाग में आप पर अधिक मानसिक तनाव, अनावश्यक व्यय, निराशा और हताशा की स्थिति रहने से महत्वपूर्ण कार्यों की सिद्धि में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

**15 से 21 दिसम्बर–** सप्ताह आरम्भ में यह संकेत मिल रहे हैं कि आप विश्वास के साथ शत्रुओं और खर्चों पर नियंत्रण करेंगे। आप प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रबंधन की योजनाएं बनाएंगे। आप बाजार की कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने से संबंधित विपणन योजना को आकार देने के मामले में एक अच्छे रणनीतिकार सिद्ध होंगे। आप **सर्व कार्य सफलता दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹ 1100/-**

**22 से 31 दिसम्बर–** आप शिक्षा, बच्चों, जोखिम पूर्ण क्षेत्रों में निवेश, मनोरंजन और प्रेम सम्बन्ध पर धन खर्च करेंगे। सप्ताह भर आपका स्वास्थ्य सही रहेगा और आत्म विश्वास भी नीचे नहीं आएगा। जिससे आप कुछ नया अथवा श्रेष्ठ अर्जित करने में सफल हो सकेंगे।

शुभ तिथियां: 3, 8, 14, 29



## सिंह

**1 से 7 दिसम्बर–** सप्ताह के आरम्भ में सेहत में कमी का सामना करना पड़ेगा। आपमें प्रसन्नता कम रहेगी। कुछ शत्रु आपके लिए अनावश्यक तनाव पैदा कर सकते हैं। कानूनी मुद्दे सहजता से हल नहीं होंगे। ऋण से संबंधित विषयों में तनाव होने के संकेत मिल रहे हैं। बीमारियां होने की संभावनाएं आपकी चिंता बढ़ायेंगी।

**8 से 14 दिसम्बर–** सप्ताह की शुरुआत में आपको अपने लंबित कार्यों को पूरा करने में भाग्य का सहयोग प्राप्त होगा। आपके पिता और रिश्तेदार आपसे प्रसन्न रहेंगे। सप्ताह के मध्य में आपके कार्यों में प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। आप अधिकारियों और कार्यस्थल पर सहयोगियों से सहयोग की उम्मीद कर सकते हैं। सप्ताह के अंतिम भाग में आय में वृद्धि होगी। यह समय इच्छापूर्ति, भाई–बहन का सहयोग, संतान सुख प्राप्ति के प्रबल संकेत दे रहा है। आप **सर्व सुख सौभाग्य वृद्धि दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹ 1100/-**

**15 से 21 दिसम्बर–** सप्ताह के शुरु में आप पर अधिक मानसिक तनाव, अनावश्यक व्यय, निराशा और हताशा की स्थिति रहने से महत्वपूर्ण कार्यों की सिद्धि में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। आप मूड में शीघ्र परिवर्तन की समस्याओं से पीड़ित रहेंगे। विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को प्रभावित होने से बचाने के लिए आप धैर्य न खोयें।

**22 से 31 दिसम्बर–** सप्ताह के शुरु में संकेत मिल रहे हैं कि आप अपनी मां के स्वास्थ्य, अपने वाहन और घर के रख–रखाव पर पैसा खर्च करेंगे। आपके अपने पैतृक स्थान पर जाने के संयोग बन सकते हैं लेकिन कुछ मानसिक परेशानियों के रहते आप खुश नहीं रहेंगे। बच्चों की शिक्षा पर अधिक धन खर्च होगा।

शुभ तिथियां: 6, 9, 18, 27



## कन्या

**1 से 7 दिसम्बर–** सप्ताह की शुरुआत का समय प्रभावशाली लोगों के साथ बैठकों की व्यवस्था करने के लिए अनुकूल है। वरिष्ठ पदों पर स्थित लोगों के साथ संबंधों को विकसित करने के लिए यह एक अच्छा समय है। शेयर बाजार में निवेश करने के लिए आप उत्साहित रहेंगे। आपके भावनात्मक संबंधों में सुधार की संभावना है। सप्ताह के मध्य में आपको सेहत के प्रति सतर्क रहना होगा।

**8 से 14 दिसम्बर–** सप्ताह के शुरुआत में आप अपने विरोधियों के साथ प्रतिस्पर्धा और अपने ऋणों का भुगतान और मुकदमेबाजी से संबंधित समस्याओं को हल करने संबंधित रणनीतियों को तैयार करने में व्यस्त रहेंगे। सप्ताह के शेष भाग में आप दांपत्य जीवन को सुखमय बनाए रखने संबंधित विचार–विमर्श करेंगे। शीघ्र ही शादी करने वाले व्यक्तियों के जीवन में प्यार और प्रसन्नता रहेगी।

**15 से 21 दिसम्बर–** सप्ताह के आरम्भ में आपके कार्यों में प्रगति के संकेत बन रहे हैं। आपकी इच्छाओं की पूर्ति, भाई–बहन का सहयोग और संतान सुख की प्राप्ति के मजबूत संकेत प्राप्त हो रहे हैं। सप्ताह के मध्य में अचानक खर्च में वृद्धि हो सकती है। आपके स्वास्थ्य, प्रसन्नता, मानसिक स्थिति और वित्तीय स्थिति में गिरावट आने के संकेत मिल रहे हैं। आप **अष्ट लक्ष्मी दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹ 1100/-**

**22 से 31 दिसम्बर–** सप्ताह के शुरुआत में आपकी सामाजिक गतिविधियां अपने उच्च स्तर पर होंगी। सामाजिक संबंधों के बेहतर होने से आपकी कार्य कुशलता में भी सुधार होगा। परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों की मदद से आपकी कार्यक्षमता उत्तम होगी। यह पूरा सप्ताह वित्तीय स्थिति के लिए अनुकूल रहेगा।

शुभ तिथियां: 4, 6, 13, 24

## तुला



1 से 7 दिसम्बर- सप्ताह के शुरुआत में आपके मन में कुछ कड़वाहट रहेगी। सप्ताह के मध्य अवधि का समय आपकी शिक्षा, भावनात्मक सम्बन्धों, संतान के स्वास्थ्य और प्रसन्नता के लिए विशेष शुभ रहेगी। शेयर बाजार और सट्टा सम्बन्धित गतिविधायों पर निवेश करने का विचार बन सकता है।

8 से 14 दिसम्बर- सप्ताह का शुरुआत आपके वैवाहिक जीवन में आनंद और जीवनसाथी के साथ माधुर्य सम्बन्धों के लिए अनुकूल है। आप अपने मित्र या व्यापारिक साझेदार के साथ दीर्घकालिक सहयोग में शामिल होने की योजना में शामिल होंगे। इस संबंध में निर्णय लेने के लिए यह सही समय है। सप्ताह के मध्य में आपके माता-पिता को कुछ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं अथवा इस समय रिश्तों में किसी कड़वाहट के कारण तनाव हो सकता है।

15 से 21 दिसम्बर- आपको सामाजिक जीवन में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। सप्ताह की शुरुआत में तरक्की और सफलता की खबर मिल सकती है। यह आपको अधिक प्रभावशाली बनाएगी। आपको अपने पिता और परिवार के सदस्यों का समर्थन प्राप्त होगा। सप्ताह मध्य की अवधि आपकी आय और इच्छाओं की पूर्ति के लिए अनुकूल है। **तांत्रोक्त तारा धनदा लक्ष्मी दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹ 1100/-**

22 से 31 दिसम्बर- सप्ताह की शुरुआत में संकेत मिल रहे हैं कि इस समय आपके परिवार में आपसी लगाव और धन संचय में वृद्धि होगी। आप पारिवारिक समृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं। वाणी में मधुरता बनाए रखने से आपको सभी का सहयोग और समर्थन प्राप्त होगा।

शुभ तिथियां: 11, 16, 19, 26

## वृश्चिक



1 से 7 दिसम्बर- सप्ताह के आरम्भ में संकेत मिल रहे हैं कि आप जन-कल्याण की गतिविधियों में सम्मिलित होंगे। समाज में आपकी प्रभावशाली स्थिति आपको इच्छित उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहयोग करेगी और आपके परिजन आपसे खुश रहेंगे। योजनाओं पर कार्य करने के लिए सप्ताह की मध्य अवधि का प्रयोग किया जा सकता है। सप्ताह के मध्य में धन के प्रवाह में कुछ रुकावटों के कारण आपको मानसिक तनाव होगा।

8 से 14 दिसम्बर- सप्ताह के शुरुआत में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। फिर भी आपको कठिनाईयों को संभालने और प्रसन्नता के साथ सभी लंबित कार्यों को निपटाने में सफलता मिलेगी। सप्ताह मध्य में आपके उत्साह और आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। इसके कारण आपके घर का वातावरण स्नेह और मधुरता का रहेगा।

15 से 21 दिसम्बर- सप्ताह के शुरुआत में आपको भाग्य का सहयोग प्राप्त होगा। आपको उच्च शिक्षा प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे। पिता का सहयोग प्राप्त होगा और तीर्थ यात्राओं के योग बनेंगे। सप्ताह के मध्य में आपको कार्यक्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कार्यस्थल पर आप अधिकार, पद और स्थिति में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

22 से 31 दिसम्बर- सप्ताह के शुरुआत में परिवार में अत्यधिक लगाव, सद्भाव और आपसी सहयोग के संकेत बन रहे हैं। सप्ताह मध्य में परिवार के सदस्यों का समर्थन आपको धन संचय करने में मदद करेगा। संतान का सहयोग और माता की सलाह आपके परिवार की समृद्धि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आप **शिव गौरी सौभाग्य वृद्धि दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौछावर ₹ 1100/-**

शुभ तिथियां: 1, 5, 13, 29

## धनु



1 से 7 दिसम्बर- सप्ताह आरम्भ में आपके साथ परिवार का सामंजस्य बने रहने से आपमें आत्मविश्वास की वापसी होगी। आपके लिये धन की कमी और परिवार में सामंजस्य की कमी से सम्बन्धित मुद्दों का समाधान करना मुश्किल होगा। सप्ताह का अंतिम भाग आपकी मानसिक स्थिति, प्रसन्नता, माता की सेहत और घरेलू मुद्दों के लिए अनुकूल नहीं है। आप अपने काम पर भी ध्यान केंद्रित नहीं कर पायेंगे। साथ ही बच्चों से संबंधित चिंता से आप परेशान रहेंगे। आप **भाग्योदय संतान सुख वृद्धि दीक्षा** ग्रहण करें, जीवन में अनुकूलता की प्राप्ति होगी।

**न्यौछावर ₹ 1100/-**

8 से 14 दिसम्बर- इस सप्ताह के आरम्भ में आपको संतान से जुड़े तनाव से राहत मिलेगी। शेयर बाजार में हानि की संभावनाएं बन रही हैं। अत: इससे संबंधित योजनाओं को स्थगित करना ही हितकारी रहेगा। बढ़े हुए खर्च आपकी चिंता में वृद्धि करेंगे। आप सभी मुद्दों का समाधान निकालने में सफल रहेंगे।

15 से 21 दिसम्बर- सप्ताह के शुरुआत में माता-पिता के स्वास्थ्य संबंधी समस्या या इनके साथ रिश्ते में कुछ कड़वाहट होने के कारण आपको तनाव हो सकता है। इस अवधि के दौरान जहां तक संभव हो आप धैर्य बनायें रखें। सप्ताह के मध्य में आपकी सेहत प्रभावित हो सकती है।

22 से 31 दिसम्बर- सप्ताह की शुरुआत में आपकी मानसिक स्थिति अनुकूल नहीं रहेगी। बेहतर होगा कि आप किसी भी प्रकार के वाद-विवाद में शामिल न हों। सप्ताह के मध्य में कार्यस्थल और परिवार का समर्थन मिलने से आपको प्रसन्नता का अनुभव होगा। सप्ताह के अंत में आपके घर में आपसी सद्भाव का माहौल रहेगा।

शुभ तिथियां: 1, 3, 9, 16



## मकर

**1 से 7 दिसम्बर-** सप्ताह के आरम्भ की अवधि में आप अपनी ऊर्जा और ध्यान विशेष रूप से आय बढ़ाने में लगायेंगे। इसके अतिरिक्त इस समय आप लाभ के नए साधन बनाने और आय के साधनों को बहुगुणित करने में अपनी ऊर्जा लगायेंगे। धन का आगमन इस सप्ताह अवधि की विशेषता रहेगी। सप्ताह के मध्य की अवधि वित्तीय लाभ के लिए अत्यंत शुभ रहेगी। इससे आपके परिवार की समृद्धि में वृद्धि होगी। आप **सर्व कार्य वृद्धि दीक्षा** ग्रहण चहुमुखी प्रगति होगी।

**न्यौछावर ₹ 1100/-**

**8 से 14 दिसम्बर-** सप्ताह के आरम्भ में संकेत मिल रहा है कि आप की आय में लगातार वृद्धि होगी और आप पैतृक स्थान, घर और वाहन आदि पर धन खर्च करेंगे। कुछ मानसिक तनाव होने के भी संकेत मिल रहे हैं। संभव हो तो नया उद्यम शुरु करने से बचें। सप्ताह के मध्य भाग में आप एक बहुत अच्छे सलाहकार के रुप में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करेंगे। भावनात्मक संबंधों के लिए यह समय अच्छा रहेगा।

**15 से 21 दिसम्बर-** सप्ताह के आरम्भ में आपके वैवाहिक जीवन का आनंद उत्कृष्ट बना रहेगा। जीवनसाथी की दोस्ताना सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी और आप अपने अनियंत्रित खर्चों को नियंत्रित करने में सफल रहेंगे।

**22 से 31 दिसम्बर-** सप्ताह के शुरु में आपके लाभ औसत स्तर के रहेंगे। सौदों को मुनाफे में बदलने के लिए आप कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सप्ताह के मध्य दिनों में ग्रहों की स्थिति के प्रभाव से वित्तीय घाटा, ऊर्जा और धन का अनावश्यक व्यय हो सकता है। इस नकारात्मक स्थिति से बाहर आने के लिए आप धैर्य और आत्म विश्वास बनाए रखें।

शुभ तिथियां: 6, 9, 15, 25



## कुंभ

**1 से 7 दिसम्बर-** सप्ताह की शुरुआत आपके बच्चों के स्वास्थ्य और मन की स्थिति के लिए शुभ नहीं रहेगी। आप अपने जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। कार्यों को समय अवधि में पूरा करना आपके लिए कठिन होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी छवि धूमिल हो सकती है। सप्ताह के मध्य दिनों में आप अपनी सेहत, शोध कार्य, प्रशासनिक कौशल और मानसिक शक्ति बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठायेंगे।

**8 से 14 दिसम्बर-** सप्ताह के आरम्भ में आपका समय व्यापारिक योजना, निर्माण कार्यों के लिए विशेष रुप से अनुकूल रहेगा। आपका जीवन साथी पहले से अधिक धार्मिक रहेगा। सप्ताह के मध्य का भाग आपकी मां और जीवनसाथी के मध्य अच्छा सामंजस्य बने रहने के संकेत दे रहा है। जीवनसाथी का समर्थन वास्तव में आपके लिए संतोषजनक रहेगा, लेकिन फिर भी अवांछित बाधाओं से आपके मन की शांति भंग हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको मान्यता मिलेगी और सफलता भी प्राप्त होगी। आपके साझेदार आपके लिए सक्षम साबित होंगे। आप **धन ऐश्वर्य लक्ष्मी दीक्षा** ग्रहण करें, जीवन में धन लाभ की प्राप्ति होगी। **न्यौछावर ₹ 1100/-**

**15 से 21 दिसम्बर-** सप्ताह के शुरुआत की अवधि शत्रु, मुकदमेबाजी और ऋण संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आप किसी दूरस्थ स्थान की यात्रा पर जाना चाहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको वांछित प्रदर्शन करने में सफलता मिलेगी।

**22 से 31 दिसम्बर-** सप्ताह कें आरम्भ में आपके व्यापार और लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी पेशा व्यक्तियों को पदोन्नति से संबंधित कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपके खर्च अनियंत्रित हो सकते हैं।

शुभ तिथियां: 4, 10, 17, 22



## मीन

**1 से 7 दिसम्बर-** सप्ताह आरम्भ की अवधि जोखिमपूर्ण क्षेत्रों से धन अर्जित करने के लिए फायदेमंद साबित होगी। सप्ताह के मध्य में वित्तीय घाटे और मानसिक तनाव होने के संकेत मिल रहे हैं। नये कार्यों को शुरु करने से बचें। सप्ताह के अंतिम भाग में आप अपनी सारी ऊर्जा भाग्योदय के लिए उपयोग करेंगे। इससे आप इच्छित परिणाम प्राप्त करने में सफल होंगे। आपका आत्मविश्वास, स्वास्थ्य, उत्साह और कार्य कुशलता इस समय उच्च स्तर पर होगा।

**8 से 14 दिसम्बर-** सप्ताह के शुरु में परिवार से संबंधित मुद्दों को लेकर परेशानी हो सकती है। आप परिवार की शांति और खुशहाली बनाए रखने का पूरा प्रयास करेंगे। सप्ताह का अंतिम भाग संकेत दे रहा है कि कुछ घरेलू मुद्दों को लेकर आपकी मानसिक शांति भंग हो सकती है।

**15 से 21 दिसम्बर-** सप्ताह के शुरुआत में जीवन साथी के साथ आपकी बहुत अधिक अनुकूलता रहेगी। आपके साझेदार आपके लिए सक्षम साबित होंगे। सप्ताह के मध्य दिनों में आप अपनी ऊर्जा का व्यय ऋण, रोग और कानूनी विवादों से संबंधित मुद्दों से निपटने में करेंगे। इसके कारण आपको अत्यधिक थकावट हो सकती है। यह स्वास्थ्य, प्रसन्नता और आपके जीवन साथी की मानसिक स्थिति के लिए बहुत कठिन समय है। आप **गृहस्थ सुख-सौभाग्य वृद्धि दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौछावर ₹ 1100/-**

**22 से 31 दिसम्बर-** सप्ताह की शुरुआत में कार्य स्थिति में सुधार होने पर भी यह समय सेहत और मानसिक स्थिति के लिए शुभ नहीं है। इस समय आप आक्रामक न हों, अपने जीवनसाथी के सेहत की चिंता आपको परेशान करेगी।

शुभ तिथियां: 5, 9, 18, 25